दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 21 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 115

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली सरकार ने किया ईवी वेब पोर्टल लॉन्च

**नई दिल्ली (आरएनएस)** । इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार ने एक समर्पित वन-स्टॉप वेबसाइट लॉन्च की। नई डिजाइन की गई ईवी वेबसाइट उपभोक्ताओं को बल्कि निर्माताओं, शिक्षाविदों और ईवी में रूचि रखने वाले सभी लोगों के लिए एक प्रमुख सूचना संसाधन के रूप में कार्य करेगी । इस वेबसाइट के माध्यम से, दिल्ली सरकार का लक्ष्य आम लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन से सम्बंधित सभी उपयोगी जानकारी प्रदान करना है, जिससे की लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना आसान हो जाये। वेबसाइट को एक विशिष्ट आधुनिक वेबसाइट के रूप में विकसित किया गया है ताकि संभावित ईवी उपभोक्ता को सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा सके। इस वेबसाइट को काफी इंटरैक्टिव बनाया गया है। वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं- वेबसाइट पर उपभोक्ता शहर में वर्तमान में सक्रिय सभी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अब तक, दिल्ली में 170 स्थानों पर 377 चार्जिंग पॉइंट हैं। वेबसाइट निम्नलिखित सम्बंधित जानकारी प्रदान करती है।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो की दर्दनाक मौत

**जगदीशपुर,अमेठी (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के अमेठी में सुबह घने कुहरे के चलते रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से अलग अलग स्थानो पर दो व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गई ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे क्रासिग बडागांव के निकट घोसियाना पालपुर निवासी मोहम्मद जमील उम्र लगभग 61वर्ष तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गये जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।दूसरी घटना इसी के निकट कुछ दूर पर उस वक्त घटी जब गोसाईं मजरे हुसैनगंज कला निवासी विश्वनाथ गिरि उम्र लगभग 35वर्ष रेलवे लाइन पार कर रहे थे जो ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए ।जबतक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते तबतक उनकी मौत हो चुकी थी ।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान करने के उपरांत शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा ।

### पाक के मशहूर बाजार में ब्लास्ट, 4 की हुई मौत और 20 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर के एक भीड़भाड़ वाले बाजार में आज हुए एक विस्फोट में कम से कम 4 लोग मारे गये और 20 अन्य घायल हो गये। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट लोहारी गेट इलाके में हुआ। विस्फोट के संबंध में जांच-पड़ताल जारी है। लाहौर के उप महानिरीक्षक पुलिस (संचालन) डॉ मोहम्मद आबिद खान ने कहा, अभी जांच प्रारंभिक दौर में है, किस तरह का विस्फोट था, इसके विवरण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विस्फोट से मौके पर डेढ़ फुट गहरा गड्ढा हो गया और कई वाहनों में आग लग गयी। इस घटना के बारे में सोशल मीडिया पर डाले जा रहे वीडियो फुटेज में हताहतों को वहां सड़क पर गिरा हुआ देखा जा रहा है। उनमें से कई अचेत अवस्था में दिखाई दे रहे थे। शहर के मेयो अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि वहां दो लोगों के शव पहुंचाये गये हैं। इसके अलावा अस्पताल में 20 घायलों को दाखिल कराया गया है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है, जिन्हें तुरंत ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में ईशनिंदा मामले में महिला को हुई मृत्युदंड

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की एक अदालत ने सोशल मीडिया पर ईशनिंदा कंटेन्ट पोस्ट करने के मामले में एक महिला को मृत्युदंड दिया है। 26 वर्षीय महिला पर अपने व्हाट्सऐप स्टेटस में ईशनिंदा से संबंधित कंटेन्ट पोस्ट किया था। महिला के एक दोस्त ने इसे बदलने का आग्रह किया , तो उसने ऐसा न कर कंटेन्ट उसे ही भेज दिया। आरोपी को मई-2020 में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद महिला को दोषी ठहराते हुए 20 साल की जेल की सजा और दो लाख रूपये के जुर्माने के साथ मृत्युदंड दिया है।

# शीतलहर पहले ही ढा रही कहर, अब तीन दिन बारिश, आईएमडी ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सर्दी का सितम झेल रहे दिल्ली, यूपी, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में अब इसका कहर और बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार और रविवार को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब समेत उत्तर पश्चिम भारत के कई राज्यों में बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यह स्थिति बन सकती है। शुक्रवार की रात से ही इन इलाकों में बारिश शुरू हो सकती है, जो अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। यही नहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी में यह बारिश गुरुवार से ही शुरू हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, हिमाचल प्रदेश, मुजफ्फराबाद और उत्तराखंड में बारिश हो सकती है।

ऊपरी इलाकों में बर्फबारी होने की उम्मीद है और निचले इलाकों में बारिश से पारा और लुढ़क सकता है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और यूपी में बीते

कई दिनों से खुलकर धूप नहीं निकल रही है और इसके चलते लोगों को भीषण सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर शीतलहर का कहर लोगों को झेलना पड़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश के चलते पारा थोड़ा और लुढ़क सकता है।

**21 जनवरी से ही इन इलाकों में शुरू हो जाएगी बारिश**

इससे साफ है कि इस महीने के अंत तक सर्दी का सितम फिलहाल जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश में 22 जनवरी को भारी बर्फबारी और बारिश हो सकती है। इसके अलावा चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तर राजस्थान में 21 जनवरी से ही बारिश शुरू हो सकती है, जो 22 और 23 जनवरी को और बढ़ जाएगी। मध्य प्रदेश में भी बारिश होगी। हरियाणा और पंजाब में 22 जनवरी को ज्यादा बारिश होने की संभावना है। यही नहीं 22 और 23 जनवरी की बारिश लंबे क्षेत्र में होनी है।

**बिहार और झारखंड में भी होगी बारिश, सिक्किम तक ऐसा मौसम-** दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा जैसे उत्तर भारत के राज्यों के अलावा सिक्किम, बंगाल, बिहार, झारखंड यानी पूर्वी भारत में भी 22 और 23 जनवरी को बारिश होगी। इसके अलावा सुबह और रात में मैदानी इलाकों में घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। खासतौर पर यूपी और बिहार के इलाकों में अगले दो दिनों तक शीत लहर का प्रकोप जारी रह सकता है। वहीं हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

**दिल्ली और मुंबई की दोनों फ्लाइट 21 जनवरी तक निरस्त**

उत्तरप्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर विमानन सेवाओं पर नजर आने लगा है। यात्रियों की कम संख्या के चलते विमानन कंपनियां फ्लाइट निरस्त कर रही हैं। इस कड़ी में स्पाइस जेट ने अपनी दिल्ली और मुंबई की दोनों फ्लाइट 21 जनवरी तक निरस्त कर दी है। इंडिगो की भी बुधवार को मुंबई फ्लाइट नहीं आई। बेंगलुरु की फ्लाइट का संचालन सुचारु रहा।

चकेरी एयरपोर्ट से चार फ्लाइट का संचालन हो रहा है। विमानन कंपनी स्पाइस जेट दिल्ली, मुंबई जबकि इंडिगो मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद रूट पर अपने सेवाएं दे रही है। हैदराबाद की फ्लाइट काफी पहले से निरस्त चल रही है। अब सर्दी और बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते स्पाइस जेट ने अपनी दोनों फ्लाइट 21 जनवरी तक के लिए निरस्त कर दी है।

## दिल्ली आने वाली 13 ट्रेनें लेट, कोहरे के चलते 22 को किया गया रद्द

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में घने कोहरे का असर ट्रेनों की आवाजाही पर भी पड़ा है। गुरुवार सुबह दिल्ली और आसपास के शहरों में घना कोहरा होने के चलते 13 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इसके अलावा आज 22 ट्रेनों का संचालन रद्द कर दिया गया है। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया, आज दिल्ली आने वाली 13 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इन ट्रेनों में हावड़ा-दिल्ली एक्सप्रेस, पुरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस, गोरखपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस, मुंबई-नई दिल्ली एक्सप्रेस, कानपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनों को कोहरे के चलते कैंसल किया गया है। देश भर में गुरुवार को रेलवे ने 437 ट्रेनों को रद्द किया है। इसके अलावा 20 ट्रेनों के शुरुआती स्टेशन को बदला गया है। वहीं 22 ट्रेनें ऐसी हैं, जिनका रूट छोटा किया गया है। रेलवे की ओर से जिन ट्रेनों को कैंसल किया गया है, वे दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से संबंधित हैं। दरअसल देश के बड़े हिस्से में इन दिनों घना कोहरा हो रहा है। इसके चलते ट्रेनों की आवाजाही पर काफी असर देखने को मिल रहा है। इससे पहले मंगलवार और बुधवार को भी रेलवे ने 400 के करीब ट्रेनों को रद्द किया था।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्से में कई दिनों से कोहरा छाया हुआ है। खुलकर धूप न निकलने की वजह से ठंड भी काफी ज्यादा है। इस बीच मौसम विभाग का अनुमान है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में 21 से 23 जनवरी तक बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते ऐसा मौसम बन रहा है। हिमाचल, उत्तराखंड के पहाड़ों पर एक तरफ बर्फबारी का अनुमान है तो मैदानी इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है।

## सीआरपीएफ में शामिल किए जाएंगे 100 विशेष कुत्ते, नक्सल-आतंक प्रभावित इलाकों में करेंगे सुरक्षाबलों की मदद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों और जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से निपटने के लिए सीआरपीएफ में जल्द ही 100 कुत्तों की भर्ती होने जा रही है। विशेष रूप से प्रशिक्षित ये कुत्ते ऑपरेशन में सीआरपीएफ की मदद करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि के9 यूनिट के लिए 100 पिल्ले लाए जा रहे हैं। कुछ समय देखभाल के बाद में इन्हें डॉग ब्रीडिंग एंड ट्रेनिंग स्कूल बेंगलुरू भेजा जाएगा जहां इन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। 90 दिन की उम्र के बाद इन्हें ट्रेनिंग दी जाती है। दस्तावेज में कहा गया है कि सीआरपीएफ के ऑपरेशनल यूनिट को नक्ससलियों और आतंकियों के आईईडी संभावित इलाकों में मुश्किलें हो रही हैं। इसके मद्देनजर सीआरपीएफ बेल्जियम शेफर्ड मिलिनॉइस प्रजाति के पिल्ले खरीदने की योजना बना रही है।

**स्निफिंग डॉग से बटालियन को भारी मदद-** अधिकारी ने कहा कि यूनिट के लिए ऐसे और अधिक कुत्ते लाए जाने की योजना बन रही है। इसी के साथ नक्सल प्रभावित इलाकों और जम्मू-कश्मीर में और सुरक्षाबलों की तैनाती होगी। अधिकारी ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में स्निफिंग डॉग टीम के लिए बड़ी मदद साबित हुए हैं। नक्सली इलाकों में हर बटालियन में 14 कुत्ते हैं। जब भी पेट्रोलिंग टीम आगे बढ़ती है तो ये कुत्ते आगे रहकर खतरे जैसे आईईडी, हमले आय लैंडमाइन को भांपने का काम करते हैं।

## झारखंड में इस रूट से गुजरेगी वाराणसी-हावड़ा बुलेट ट्रेन, इन पांच जिलों में तेज होगी विकास की रफ्तार

**रांची (आरएनएस)।** झारखण्ड से मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह के बगोदर इलाके में सर्वे कार्य पूरा कर लिया है और कोडरमा, धनबाद, हजारीबाग समेत ट्रेन के गुजरने वाले कई इलाके में सर्वे किया जा रहा है. हालांकि, यह अभी तय नहीं है कि यह रूट वाया सासाराम-गया-धनबाद होगी या पटना. लेकिन, यह तय है कि इसके लिए नई पटरी बिछाई जाएगी. ऐसे में कहा जो खबर सामने आ रही है कि अगर बुलेट ट्रेन की योजना वाया

धनबाद होगी तो इसे गिरिडीह के पारसनाथ स्टेशन से भी गुजारा जाएगा. बता दें कि पारसनाथ में विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल है. यहां देश-दुनिया से जैन धर्म के लोग आते हैं. नई बुलेट ट्रेन रूट के लिए पटरी पारसनाथ के आसपास से गुजरेगी. इसे ध्यान में रखकर भी सर्वे किया जा रहा है. पारसनाथ से बुलेट ट्रेन रूट को कनेक्ट करने पर रेलवे को काफी पैसेंजर मिल सकते हैं. शिखरजी या श्री शिखरजी या पारसनाथ पर्वत या फिर पारसनाथ पहाड़ी नाम से प्रसिद्ध यह स्थान झारखंड के गिरिडीह जिले में है. विश्व के सबसे महत्वपूर्ण जैन तीर्थ स्थलों में एक 'श्री सम्मेद शिखरजी' के रूप में प्रसिद्ध है. बता दें कि जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों (सर्वोच्च जैन गुरुओं) ने मोक्ष की प्राप्ति की. यहीं 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था. माना जाता है कि 24 में से 20 जैन तीर्थंकरों ने यहां पर मोक्ष प्राप्त किया था. यानी यह श्वेताम्बर व दिगम्बर, दोनों जैन धर्मावलंबियों के लिए पुण्यभूमि है. इसके साथ ही 1,350 मीटर (4,430 फीट) ऊंचा यह पहाड़ झारखंड का सबसे ऊंचा स्थान भी है. यहां की प्राकृतिक छटा भी देखने योग्य है. ऐसे में यहां तीर्थ यात्रियों के साथ ही पर्यटकों का भी बहुतायत में आना-जाना है.

## कोरोना से मौत पर परिजनों को मुआवजे में देरी न की जाए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोविड-19 से मौत के मामले में मुआवजा देने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि तकनीकी आधार पर राज्य सरकार मुआवजे से इनकार नहीं कर सकती। कोर्ट ने अनाथ हुए बच्चों के लिए आदेश दिए हैं.भारत में कोरोना महामारी के दौरान मृतकों के परिजनों तक मुआवजा नहीं पहुंचाने पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों की खिंचाई की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जो बच्चे अनाथ हुए हैं, उनके लिए आवेदन करना कठिन है। ऐसे में राज्यों को अनाथ हुए बच्चों तक पहुंचकर मदद देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही कहा कि मुआवजे के आवेदनों को राज्य तकनीकी कारणों से रद्द नहीं कर सकता है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने वकील गौरव बंसल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कोविड-19 प्रभावितों के लिए मुआवजे की मांग की गई थी। जस्टिस शाह ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोगों तक पैसा पहुंचना चाहिए। यही लक्ष्य है कोर्ट ने हर राज्य द्वारा पेश किए गए रिकॉर्ड की जांच की. मौत और मुआवजा बेंच ने आदेश दिया कि राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण ऐसे परिवारों की तलाश करे जिन्होंने महामारी के दौरान अपने परिजनों को खो दिया, जिससे उन्हें मुआवजा मिल सके। कोविड-19 से हुई मौतों पर मुआवजे के दावों से जुड़े जो आंकड़े कोर्ट को दिए गए हैं, उनसे कई गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। कई राज्यों की सरकारों ने कोरोना से मौत की संख्या से अधिक मुआवजे के लिए पेश किए गए दावे की संख्या बताई है।

कोर्ट ने कहा है कि बच्चों के रिश्तेदार के बैंक खाते मुआवजे की राशि नहीं डाली जाए। अगर बच्चों का खाता नहीं है तो उसे खुलवाकर पैसे डाले जाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में 10 हजार से अधिक ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने माता-पिता दोनों खो दिए हैं। एक और महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि कई ऐसे दंपति हैं जो अनाथ हुए बच्चों को गोद लेने की चाहत रखते हैं। दिसंबर 2021 तक सिर्फ 1,936 बच्चे ही गोद लिए जाने के लिए उपलब्ध थे, जबकि गोद लिए जाने की चाहत रखने वाले दंपति की सूची 36 हजार से अधिक है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मुताबिक 1,36,910 के बच्चे के मां या बाप कोरोना की वजह से मारे गए और 488

## अरुणाचल में घुसकर चीनी सेना ने 17 साल के लड़के को किया अगवा, केंद्र ने पीएलए से वापस सौंपने को कहा

**ईटानगर (आरएनएस)।** चीन ने एक बार फिर गुस्ताखी की है। आरोप है कि चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) ने भारतीय सीमा में घुसकर एक लड़के को अगवा कर लिया है। राज्य के सांसद तापिर गाओ ने इस बारे में केंद्र को सूचित किया। केंद्र सरकार ने आज कहा कि उसने चीनी सेना को बच्चे का पता लगाने और प्रोटोकॉल के मुताबिक उसे वापस सौंपने को कहा है।

रक्षा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश से मिराम तरोन के लापता होने के बारे में सूचना मिलने पर भारतीय सेना ने तुरंत पीएलए से संपर्क किया। पीएलए से उनके इलाके में उसका पता लगाने और उसे एएसटीडी प्रोटोकॉल के अनुसार वापस करने के लिए सहायता मांगी गई है।

अरुणाचल के सांसद गाओ ने बताया कि लड़के का अपहरण अप्पर सियांग जिले से बुधवार को किया गया। सांसद ने बताया कि पीएलए ने एक और लड़के के अपहरण की कोशिश की, लेकिन वह भागने में कामयाब रहा। इसी लड़के ने स्थानीय प्रशासन को अपने साथी के अपहरण की जानकारी दी। गाओ ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी गृह राज्यमंत्री नीतीश प्रमाणिक को दी और सरकारी एजेंसियों के जरिए जल्द ही उसे रिहा कराने की मांग की।

# 24 घंटे में 3.17 लाख से अधिक नए मामले, 356 लोगों की मौत

» कोरोना ने तीन दिन राहत के बाद फिर मचाया कहर

» सक्रीय मरीजों का आंकड़ा 19 लाख के पार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस के मामलों में बड़ा उछाल देखने को मिला और पिछले आठ महीने का रिकार्ड ध्वस्त करते हुए पिछले 24 घंटे में 3.17 लाख से अधिक नए मामले सामने आए। जबकि संक्रमण के कारण 356 मौत दर्ज की गई। वहीं देश में उपचाराधीन सक्रीय मरीजों का आंकड़ा भी 19 लाख के पार पहुंच गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार

को जारी आंकड़ो के मुताबिक बीते 24 घंटे में 3,17,532 केस सामने आए हैं। इससे पहले पिछले साल 15 मई को (3,11,077) को 3 लाख से अधिक मामले दर्ज किए थे। वहीं इस दौरान संक्रमण के कारण 356 मरीजों की मौत हो गई हैं। भारत में वर्तमान में लगभग 19 लाख सक्रिय मामले हैं, पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन लगभग 2,71,000 मामले दर्ज़ किए जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 3,17,000 मामले दर्ज़ किए गए। 1 जनवरी को सिर्फ 22 हज़ार मामले दर्ज़ किए गए थे। देश में पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 4 दिनों में प्रतिदिन कोविड टेस्ट को लगातार बढ़ाया गया है। पिछले 24 घंटों में लगभग 19 लाख टेस्ट किए हैं।

**महाराष्ट्र में सर्वाधिक नए मामले-** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 43,697 मामले सामने आए जो कि एक दिन पहले सामने आए मामलों से 10 प्रतिशत ज्यादा थे। इसके साथ ही ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण के 214 नए मामले सामने आए। वहीं पड़ोसी राज्य गुजरात में संक्रमण के 20,966 नए मामले सामने आए जो कि राज्य में अब तक सामने आए दैनिक मामलों की सर्वाधिक संख्या है। पिछले एक दिन में राज्य में कोविड-19 से 49 मरीजों की मौत हो गई। वर्तमान में महाराष्ट्र में 23,93,704 मरीज घर पर पृथक-वास में हैं और 3,200 संक्रमित संस्थागत पृथक-वास में हैं। इस बीच गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि बुधवार को संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले सामने आए। नए मामले सामने आने के बाद गुजरात में संक्रमण के मामले बढ़कर 9,77,078 हो गए हैं। राज्य में पिछले एक दिन में महामारी से 12 मरीजों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या 10,186 पर पहुंच गई। इसके अलावा कर्नाटक में संक्रमण के 40,499, तमिलनाडु में 26,981, तेलंगाना में 3,557 नए मामले सामने आए।

**तीसरी लहर की तुलना में बड़ा अंतर-** महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, दिल्ली और राजस्थान दैनिक मामलों की अधिकतम संख्या में योगदान देने वाले शीर्ष राज्य हैं। 19 जनवरी को समाप्त सप्ताह में, भारत में 515 जिले हैं जहां साप्ताहिक मामले की संक्रमण दर 5 प्रतिशत से अधिक है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, 30 अप्रैल, 2021 को जब देश में दूसरी लहर अपने चरम पर थी, तब 3,86,452 नए मामले, 3,059 मौतें और 31,70,228 सक्रिय मामले थे। पूरी तरह से टीकाकृत लोगों का अनुपात 2 प्रतिशत था। वहीं 20 जनवरी 2022 को 3,17,532 नए मामले, 380 मौतें और 19,24,051 सक्रिय मामले हैं। पूर्ण टीकाकरण वाले लोगों का अनुपात 72 प्रतिशत है।

**दुनिया का दूसरा सबसे प्रभावित देश-** वैश्विक स्तर की बात करें तो भारत अमेरिका के बाद दूसरा सबसे ज्यादा प्रभावित देश है। 17 जनवरी से अब तक देश ने 8.7 लाख से अधिक दैनिक मामलों की सूचना दी है।